एक नजर में

मंगलम रिसोर्ट में बिन्दौली के दौरान बारातियों पर हमला :उज्जैन से शादी में आए मेहमान को दी धमकी, रॉड से सिर फोड़ा

नीमच। मनासा रोड स्थित मंगलम रिसोर्ट में शनिवार को एक शादी समारोह के दौरान पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। यह विवाद रिसोर्ट के अंदर तक पहुँच गया, जिससे समारोह में अफरा-तफरी मच गई। बिन्दौली चल रही थी, तभी शाम करीब सवा चार बजे आरोपियों ने हमला कर दिया। उज्जैन से शादी में शामिल होने आए नरेंद्र बागवान ने बताया कि पुरानी रंजिश के चलते आरोपी हेमंत गौड़ और कुंदन माली ने उन्हें गालियां दीं। विरोध करने पर हेमंत ने उन पर जान से मारने की नीयत से हमला किया। इसी दौरान हेमंत के साथी सुनील मेघवाल ने लोहे की रॉड से नरेंद्र के सिर पर वार किया। नरेंद्र ने हाथ अड़ाकर अपना सिर बचाया, लेकिन रॉड उनकी बाईं पसली पर लगी। हेमंत के अन्य साथी भी लाठियाँ और लोहे की रॉड लेकर रिसोर्ट में घुस आए, जिससे बारात और मेहमानों में भगदड़ मच गई। मारपीट के दौरान नरेंद्र की सोने की चेन भी कहीं गिर गई या गायब हो गई। बारातियों और अन्य मेहमानों का आक्रोश देखकर हमलावर घबरा गए। वे अपनी चप्पलें और ईको कार रिसोर्ट परिसर में ही छोड़कर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुँची और आरोपियों की ईको गाड़ी जब्त कर ली। फरियादी नरेंद्र बागवान की शिकायत पर शनिवार देर रात मुख्य आरोपी हेमंत गौड़, सुनील मेघवाल और उनके अन्य साथियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न ठिकानों पर दबिश दे रही है।

नन्हें कलाकारों की प्रतिभा को मिलेगा नया आसमान, कृति का सात दिवसीय चित्रकला प्रशिक्षण शिविर आज से

नीमच। बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने और उन्हें कला के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नीमच की प्रसिद्ध साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था 'कृति' द्वारा सात दिवसीय चित्रकला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ 1 जून से होगा। संस्था के अनुसार यह प्रशिक्षण शिविर 1 जून से 7 जून तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 10 बजे तक प्रज्ञा माध्यमिक विद्यालय, गायत्री शक्तिपीठ परिसर में आयोजित किया जाएगा। शिविर में बच्चों को चित्रकला की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से अभिव्यक्त कर सकें। शिविर में ज्योतिका अग्रवाल, दीपक भट्ट, तोषी वाघे खान एवं रचना ओझा बच्चों को चित्रकला के विभिन्न गुर सिखाएंगे। प्रशिक्षक बच्चों को रेखांकन, रंग संयोजन और सृजनात्मक अभिव्यक्ति की बारीकियों से अवगत कराएंगे। शिविर व्यवस्था प्रमुख कमलेश जायसवाल ने सभी अभिभावकों एवं चित्रकला प्रेमी परिजनों से आग्रह किया है कि वे अपने बच्चों को रंग एवं ड्राइंग बुक के साथ शिविर में अवश्य भेजें, ताकि छुट्टियों के दौरान उनकी प्रतिभा को नई दिशा और उचित मार्गदर्शन मिल सके।

15 दिन में दाल, चावल सहित किराना 10 फीसदी महंगा

नीमच। ईरान-अमेरिका युद्ध से उत्पन्न हुए वैश्विक तेल संकट का असर अब भारत पर तेजी से पडने लगा है। बीते 15 दिनों में पेट्रोल और डीजल के दाम लगातार बढ़ने से महंगाई का असर साफ दिखने लगा है। पेट्रोल-डीजल के दाम बढने से ट्रांसपोर्ट महंगा हो गया है, जिससे फल और सब्जी से लेकर किराना सामग्री तक में 7 से लेकर 10 प्रतिशत तक की महंगाई देखी जा रही है।

किराना सामग्री और फल जिसमें सेवफल, आम और केला के दामों पर महंगाई का असर सबसे अधिक पड़ा है। तो वहीं दाल, चावल से लेकर शक्कर तक के दाम बढ़ गए हैं। जिले ही नहीं, मप्र के सभी प्रमुख शहरों में फल सब्जी व किराना व्यापारियों पर महंगे ट्रांसपोर्ट का असर पड़ा है, जिसका सीधा असर अब उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ने लगा है।

किराना में बादाम, काजू, चावल, दाल महंगे : किराना व्यापारी गौरव सांभर ने बताया कि बीते 15 दिनों में ही किराना सामग्री पर 5 प्रतिशत से 10 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। दालों में 5 रु किलो की वृद्धि हुई है. शक्कर में 1.5 रुपए प्रति किलो, बादाम पर 40 रूपए प्रति किलो, काजू में 30 रूपए किलो की वृद्धि देखी गई है। पेट्रोल और डीजल का रेट बढ़ाने की वजह से ट्रांसपोर्ट की कॉस्टिंग बढ़ने लगी है। 15 दिनों में ही इसका असर किराना सामग्री पर देखने को मिल रहा है। अब उम्मीद यही की जा रही है कि पेट्रोल-डीजल की कीमत कम होगी तो महंगाई पर लगाम लगेगी।

फल और सब्जियों के दाम भी छूने लगे आसमान : किराना सामग्री ही नहीं, फल और सब्जियों पर भी पेट्रोल-डीजल की बढ़ी हुई कीमतों का असर हुआ है। फल व सब्जी व्यापारी दीपक माली ने बताया कि फल में सबसे ज्यादा असर महाराष्ट्र और गुजरात से लाए जाने वाले आम और केला की कीमतों पर पड़ा है। दोनों में 10 रूपए प्रति किलो की वृद्धि हो गई है। वहीं, जम्मू कश्मीर और हिमाचल से आने वाले सेवफल की कीमत भी बढ़ गई है। सेवफल की कीमत 300 रूपए प्रति किलोग्राम के पार पहुंच गई है। आम 80 रूपए किलो से 150 रूपए किलो तक बिक रहे हैं, वहीं केला 45 रुपए प्रति किलो से 55 किलो तक बिक रहा है। वहीं, सब्जी विक्रेता राहुल माली ने बताया कि टमाटर, गिलकी, मिर्ची, नींबू और हरे धनिया की कीमत बढ़ गई है। 15 दिन पहले जो सब्जियां 40 से 50 रूपए किलो में मिल रही थीं, वहीं सब्जियां अब 60 से 80 रुपए किलो में बिक रही हैं। पेट्रोल-डीजल की बढ़ती हुई कीमतों की वजह से महंगाई बढ़ने लगी है, जिसका सर्वाधिक असर मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट बढ़ने की वजह से दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतें अब आसमान छूने लगी हैं। देखना होगा कि कब लोगों को इससे राहत मिलती है।

सुबह की श्रद्धा पर रफ्तार का वार : मंदिर जा रही महिला को उड़ा ले गई कार

नीमच। शहर के फोर जीरो चौराहे पर शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने लोगों को झकझोर दिया। रोज की तरह मंदिर दर्शन के लिए निकली एक बुजुर्ग महिला को तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक बिना रुके मौके से फरार हो गया। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार शिक्षक कॉलोनी निवासी अनीता छाजेड़ पति विजय छाजेड़ सुबह करीब 6 बजे मंदिर जाने के लिए घर से निकली थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक महिला सड़क पार कर रही थीं, तभी तेज गति से आई एक सेंट्रो कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि महिला सड़क पर गिरकर घायल हो गईं।हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत महिला की मदद की और उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं कार चालक रुकने के बजाय वाहन लेकर मौके से भाग निकला। घटना के बाद आसपास के लोगों में आक्रोश देखा गया। सबसे बड़ा सवाल यह है कि हादसे को एक दिन से अधिक समय गुजर जाने के बावजूद आरोपी चालक पुलिस की पकड़ से बाहर बताया जा रहा है। जबकि दुर्घटना की पूरी तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो चुकी है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब वाहन और घटनाक्रम दोनों कैमरे में कैद हैं तो आरोपी तक पहुंचने में देरी क्यों हो रही है।क्षेत्रवासियों ने सड़क सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई है। उनका कहना है कि शहर के प्रमुख चौराहों पर लगातार तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही बढ़ रही है, लेकिन प्रभावी नियंत्रण दिखाई नहीं दे रहा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

झांझरवाड़ा इंडस्ट्रियल एरिया में हाइना का आतंक

नीमच। पश्चिमी क्षेत्र के प्रमुख झांझरवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र में इन दिनों जंगली जानवरों, विशेषकर हाइना के बढ़ते मूवमेंट से उद्योगपति, कर्मचारी और मजदूर दहशत में हैं। राजस्थान सीमा से लगे इस क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से हाइना के झुंड फैक्ट्रियों और सड़कों के आसपास खुलेआम घूमते नजर आ रहे हैं।

मजदूरों का कहना है कि काम पर आते-जाते समय अक्सर जंगली जानवर दिखाई देते हैं, जिससे किसी अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है। रात की शिफ्ट में काम करने वाले कर्मचारी खुद को अधिक असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उद्योग संचालकों ने बताया कि क्षेत्र में प्रतिदिन हजारों श्रमिक कार्य करते हैं। ऐसे में जंगली जानवरों की बढ़ती मौजूदगी गंभीर चिंता का विषय है। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय नागरिकों और उद्योगपतियों ने वन विभाग एवं प्रशासन से क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर जंगली जानवरों को सुरक्षित रूप से जंगल की ओर खदेड़ने तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

एक नजर | **पीएम मोदी की मन की बात से जुड़ा बिसलवास कला**

किसानों-कार्यकर्ताओं ने सुना राष्ट्र निर्माण का संदेश

नीमच। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का प्रभाव रविवार को जिले के ग्रामीण अंचलों में भी देखने को मिला। ग्राम बिसलवास कला के शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित सामूहिक श्रवण कार्यक्रम में किसानों, भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर प्रधानमंत्री के विचारों को सुना और उन्हें जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में बूथ क्रमांक 12, 13 एवं 14 के कार्यकर्ता, किसान और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में आत्मनिर्भर भारत, जनभागीदारी, सामाजिक जागरूकता, नवाचार, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्यों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार रखे, जिन्हें उपस्थित लोगों ने गंभीरता से सुना।भाजपा जिला मंत्री एवं उत्तर मंडल प्रभारी रोशन वर्मा ने कहा कि मन की बात देशवासियों को सकारात्मक सोच और राष्ट्रहित के कार्यों से जोड़ने वाला एक सशक्त मंच बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी समाज के उन अनसुने नायकों को देश के सामने लाते हैं, जो अपने कार्यों से बदलाव की नई इबारत लिख रहे हैं। यही कारण है कि यह कार्यक्रम आज गांव-गांव तक लोगों को प्रेरित कर रहा है।ग्राम सरपंच एवं कार्यक्रम प्रभारी गोपाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार समाज में जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के बाद उपस्थित लोगों ने विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प भी लिया।कार्यक्रम में चेतराम पाटीदार, अर्जुन कुमार पाटीदार, मूलचंद बैरागी, हिम्मत सिंह, भेरूलाल धनगर, श्यामलाल रावत, जितेंद्र पाटीदार, भेरूलाल राठौर, डॉ. दिनेश नागदा, मांगीलाल शर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

मंदसौर

एक नजर में

पूर्णिमा पर गौसेवा कर अर्जित किया पुण्य लाभ

मंदसौर। पूर्णिमा के पावन अवसर पर महावीर इंटरनेशनल मंदसौर के सदस्य विकास - पायल बंबोरिया ने अपनी विवाह वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बस स्टैंड स्थित गौशाला में गौ-सेवा कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष अरविंद कुदार ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि विकास बंबोरिया जैसे सेवाभावी व्यक्तित्व अपनी व्यस्त दिनचर्या के बावजूद समाजहित एवं जीव-दया के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाकर प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने संस्था के सभी सदस्यों से आग्रह किया कि वे अपने जीवन के विशेष अवसरों को गौ-सेवा, जीव-दया एवं सामाजिक सरोकारों से जोड़कर उन्हें और अधिक सार्थक बनाएं। कार्यक्रम का संचालन संस्था सचिव ऋषभ फाफरिया ने किया तथा आभार प्रदर्शन पूर्व अध्यक्ष राकेश चौधरी ने माना। इस अवसर पर संस्था के कोषाध्यक्ष दिनेश जैन, सह-कोषाध्यक्ष अशोक ओस्तवाल, उपाध्यक्ष अनिल बाफना, मीडिया प्रभारी पवन सोनी सहित अनिल खबिया, सुजानमल ओसवाल, विजय बंबोरिया, लोकेंद्र फांफरिया, अखिलेश धींग, राजेश गर्ग, महेश धनोतिया, मांगीलाल राठौड़ एवं प्रदीप जैन उपस्थित रहे। परिवारजनों में नरेंद्र कुमार बंबोरिया, राजेश कुमार बंबोरिया, मंजू जैन एवं खुशबू जैन तथा मित्रगण प्रकाश फांफरिया, किशोर कोटवानी एवं प्रीतेश कर्णावट भी कार्यक्रम में शामिल हुए। मातृशक्ति से सुनीता कुदार एवं नेहा जैन की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ तथा सभी ने गौ-सेवा एवं जीव-दया के ऐसे कार्यों को समाज में निरंतर बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

कांग्रेस सेवादल का मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम

मंदसौर। कांग्रेस सेवादल द्वारा माह के आखिरी रविवार को सारे देश में मासिक ध्वज वंदन किया जाता है। इसी सन्दर्भ में मंदसौर में भी कांग्रेस सेवादल द्वारा ध्वज वंदन किया गया। इस बार ध्वज वंदन आधुनिक भारत के निर्माता व देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू जी की प्रतिमा के सामने किया गया। सर्व प्रथम राष्ट्रगीत वन्देमातरम गाया गया। उसके बाद ध्वजारोहण कांग्रेस के वरिष्ठ व गांधीवादी नेता प्रकाश रातं?या द्वारा किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए प्रकाश रातं?या ने सेवादल के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए सेवादल द्वारा देश की आजादी में योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सेवादल जिला अध्यक्ष दिलीप देव ?ा ने सेवादल की गतिविधियों और मंदसौर सेवादल द्वारा किए गए कार्यों पर बल दिया। शहर ब्लॉक अध्यक्ष इष्टा भाचावत ने कहा की देश में आजकल जो नफरत की राजनीति चल रही है वह देश के लिए घातक है। सेवादल व कांग्रेस निरंतर देश की मजबूती के लिए कार्य कर रहा है। इस अवसर पर मोहनपुरी, राजेन्द्र छाजेड़, सुरेन्द्र कुमावत, मनोहर नाहटा, राजेन्द्र सेठिया, महिला नेत्री राखी सत्रावाला, अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष अनीस मंसूरी, जहीद पठान, सेवादल जिला उपाध्यक्ष दशरथ राठौर, जिला उपाध्यक्ष दशरथ शर्मा, विधायक प्रतिनिधि संजय नाहर, सादिक गोरी, विश्वास दुबे, विश्वनाथ सोनी, अजय सोनी, आमीन खान, भावीक संचेती, कैलाश कुमावत, शशी शर्मा, कन्हैयालाल कुमावत, दुर्गाशंकर धाकड़, ईश्वर माली आदि उपस्थित थे।

शिवना शुद्धिकरण अभियान के 126वें दिन एक ट्रॉली गंदगी निकाली

▶ **विधायक विपिन जैन ने किया अधिक से अधिक श्रमदान का आह्वान**

मंदसौर। शिवना शुद्धिकरण जनअभियान के 126वें दिन रविवार को श्रमदानियों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान कर नदी की सफाई की। अभियान के दौरान नदी किनारे उगी गाजर घास को हटाया गया तथा नदी में जमा कचरा और गंदगी निकालकर एक ट्रॉली अपशिष्ट बाहर निकाला गया। इसके साथ ही घाटों की भी साफ-सफाई की गई।

इस अवसर पर विधायक विपिन जैन ने कहा कि पिछले 126 दिनों से लगातार चल रहे इस जनअभियान के सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। शिवना नदी पहले की अपेक्षा अधिक स्वच्छ और सुंदर नजर आ रही है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष नदी जलकुंभी और गंदगी से अटी हुई थी, जिससे दुर्गंध फैलती थी तथा श्रद्धालुओं एवं राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता था।

विधायक जैन ने कहा कि शिवना नदी के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए अभी काफी कार्य किया जाना शेष है। आगामी वर्षा ऋतु में नदी किनारों पर व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया जाएगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और नदी का प्राकृतिक स्वरूप और अधिक आकर्षक बनेगा। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे प्रत्येक रविवार प्रात: 7 से 9 बजे के बीच अभियान में शामिल होकर श्रमदान करें तथा शिवना नदी को स्वच्छ और निर्मल बनाने में अपना योगदान दें।

अभियान के दौरान समाजसेवी भूपेंद्र गोराना एवं ममता गोराना द्वारा विधायक विपिन जैन का बनाया गया सुंदर चित्र सभी श्रमदानियों की उपस्थिति में भेंट कर उनका सम्मान किया गया। श्रमदान में विधायक विपिन जैन सहित रमेश सोनी, राकेश जैन 'पिंटू', हेमराज खाबिया, शांतिलाल मेमावत, पंकज जैन, राजेंद्र नीमा, बालकृष्ण दवे, बालकृष्ण पोरवाल, गणेशराम मालवीय, रामप्रसाद मालवीय, बलराम पाटीदार, शिवलाल गेहलोद, इष्टा भाचावत, राखी सत्रावाला, सोनाली जैन, प्रमिला पंवार, राजनारायण लाड़, विकास दशोरा, योगेश जोशी, अभिषेक पाटीदार, संजय नाहर, दिलीप देवड़ा, विश्वास दुबे, रईस खान पटवारी सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

मासूमों की मुस्कान के बीच मना नन्हीं नैवेधा का पहला जन्मदिन

▶ **सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ ने 'अपना घर' में बिखेरीं खुशियां**

मंदसौर। बच्चों की निश्छल और पावन मुस्कान से ब?कर इस दुनिया में कोई दूसरा अनमोल उपहार नहीं होता। जब हम अपनी खुशियों में इन मासूमों को शामिल करते हैं, तो उत्सव का आनंद दोगुना हो जाता है।

इसी सेवाभावी और आत्मीय सोच के साथ सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में एक अनूठी और अनुकरणीय पहल की गई। प्रकोष्ठ की सह मंत्री तृप्ति अग्रवाल की दोहिती निमिषा की सुपुत्री नैवेधा के प्रथम जन्म दिवस के पावन अवसर को बेहद खास अंदा? में मनाया गया। इस मांगलिक अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की सदस्याओं ने अपना घर संस्था पहुंचकर वहां रह रही बालिकाओं के साथ खुशियां बांटीं।

जन्मदिन के इस आत्मीय उत्सव के दौरान अपना घर की बालिकाओं के बीच घिरी नन्ही नैवेधा का केक सभी को खिलाकर मुँह मीठा कराया। बालिकाओं के चेहरों पर तैरती मुस्कान और उनके द्वारा गाए गए जन्मदिन के गीतों ने वहां मौजूद हर दिल को छू लिया। उत्सव के रंग को और गा?ा करते हुए संस्था की बालिकाओं को स्वादिष्ट आइसक्रीम खिलाई गई और उन्हें सुंदर गिफ्ट्स प्रदान किए गए। उपहार और अपनों का साथ पाकर बालिकाओं के चेहरे खिल उठे और पूरा परिसर चहक उठा।

इस भावुक और आनंदमयी अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए महिला प्रकोष्ठ की महामंत्री विनाली मेहता ने कहा कि बच्चों के साथ खुशियां बांटने का सबसे खास और पवित्र अवसर उनका जन्मदिन ही होता है। आज नन्ही नैवेधा के पहले जन्मदिन को अपना घर की इन प्यारी बालिकाओं के साथ मनाकर हमें जो आत्मिक संतोष मिला है, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। समाज के हर वर्ग को अपने जीवन के ऐसे मांगलिक प्रसंगों को इन बच्चों के बीच आकर मनाना चाहिए, क्योंकि इनकी एक छोटी सी मुस्कान हमारे जीवन को सकारात्मकता से भर देती है।

एक नजर | **मंदिर समिति के खाते में दानदाताओं ने जमा किए 3 .51 लाख रुपए**

भैंसासुरी माताजी शिखर निर्माण के लिए उमड़ रही श्रद्धालुओं की आस्था

पिपलियामण्डी। क्षेत्र की आराध्य देवी मां भैंसासुरी माताजी के मंदिर पर प्रस्तावित शिखर निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीण अंचल में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। मां के भक्त तन, मन और धन से इस पुण्य कार्य में सहयोग कर रहे हैं। ग्राम कनघट्टी सहित आसपास के उगरान, छाछखेड़ी, अरनिया चुंडावत, सोनी, रूपी, जेतपुरा, अमरपुरा, सूपड़ा एवं खखराई सहित अनेक गांवों से श्रद्धालु अपनी श्रद्धानुसार सहयोग राशि प्रदान कर रहे हैं।

गाडगिल सागर बांध पर स्थित प्राचीन मां भैंसासुरी माताजी का मंदिर क्षेत्रवासियों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि मां के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना पूर्ण होती है। वर्षों से ग्रामीणजन वर्षा की कामना को लेकर यहां पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठान करते आए हैं और मां की कृपा से क्षेत्र में अच्छी वर्षा होने तथा गाडगिल सागर बांध के भरने की मान्यता जुड़ी हुई है। इसी आस्था और श्रद्धा के साथ मंदिर के शिखर निर्माण हेतु जनसहयोग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत ग्राम कनघट्टी निवासी ओमप्रकाश नंदलाल पाटीदार ने 11 हजार वहीं ग्राम कनघट्टी के पूर्व सरपंच प्रतिनिधि मनीष आर्य ने भी मां भैंसासुरी

माताजी के शिखर निर्माण के लिए 11 हजार 111 रुपए की सहयोग राशि भेंट कर धार्मिक कार्य में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

इस अवसर पर समिति ने पूर्व सरपंच प्रतिनिधि मनीष आर्य का सम्मान भी किया। साथ ही पूर्व सरपंच कृष्णपालसिंह शक्तावत का साफा, माला एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित भक्तजनों ने मां भैंसासुरी माताजी के जयकारों के साथ शिखर निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने का संकल्प लिया।

उधर, शिखर निर्माण कार्य में पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से भैंसासुरी माताजी शिखर निर्माण समिति द्वारा मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक की कनघट्टी शाखा में समिति का बैंक खाता भी खुलवाया गया है। समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष के नाम से संचालित इस खाते में अब तक प्राप्त समस्त सहयोग राशि जमा कर दी गई है। समिति के पदाधिकारियों के अनुसार पिछले दो माह से चल रहे जनसहयोग अभियान में प्राप्त 3 लाख 51 हजार रुपए बैंक खाते में जमा किए गए हैं।

समिति ने बताया कि अभी कई गांवों में जनसंपर्क अभियान जारी है तथा कुछ स्थानों पर रसीद पुस्तिकाओं के माध्यम से सहयोग राशि संग्रहण का कार्य चल रहा है। जिन श्रद्धालुओं ने सहयोग राशि की घोषणा की है, उनसे भी संपर्क कर राशि प्राप्त की जा रही है। पर्याप्त राशि एकत्रित होते ही मंदिर के शिखर निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि यह केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि क्षेत्र की धार्मिक आस्था और जनसहभागिता का प्रतीक है। मां भैंसासुरी माताजी की कृपा से भक्तों का निरंतर सहयोग प्राप्त हो रहा है और भविष्य में भी यह अभियान इसी प्रकार आगे बढ़ता रहेगा।